श्री चिरंजीव झा (सहरसा) आज देश में मूल्य वृद्धि अभाव तथा वर्तमान प्रशासनिक संयन्त्र के सेवा उन्मुख नहीं है और अनुत्तरदायित्वपूर्ण कार्य प्रणाली के कारण देश में अशान्ति रोष और क्षोभ व्याप्त है उस अवस्था में भी सदा की भांति बजट को देख कर हर आदमी यह सोचता है कि इस बजट के चलते आने वाले वर्ष में उसकी कैसी स्थिति रहेगी। इसे देखने पर अगर वह समझता है कि उसकी स्थिति अच्छी रहेगी तो वह आश्वस्त होता है और अगर समझता है कि स्थिति अच्छी नहीं रहेगी तो वह चिन्तित होता है।

[श्री चिरंजीव झा]

इसी विचार से मैं इस बजट पर अपने विचार आज प्रकट करना चाहता हूं।

स्वयं वित्त मंत्री जी ने बजट भाषण के प्रारंभ में हाल की घटनाओं पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा है

"दुनिया में कहीं पर भी सामाजिक व आर्थिक परिवर्तन कुछ न कुछ उतार-चढ़ाव हुए बिना, आसानी से नहीं हुए। इसलिए मुझे इस सब से घबरा उठने या अपने बुनियादी लक्ष्यों व उद्देश्य के बारे में शंका कर बैठने की कोई वजह नहीं दिखाई पड़ती। हमारे सामाजिक व आर्थिक उद्देश्य आज भी उतने ही सार्थक हैं जितने कि वे पहले थे। हम अपने लक्ष्य हासिल करने में उतने ही कृत संकल्प हैं जितने पहले। हम गरीबी, अज्ञानता व बीमारियों के खिलाफ हथियार इसलिए नहीं डाल सकते कि यह लड़ाई आशा से अधिक भारी पड़ रही है, हालांकि हो सकता है कि परिस्थिति के अनुरूप हमें अपने साधन बदलने पड़ें।"

मूल्य वृद्धि की चर्चा करते हुए आगे उन्होंने कहा है

"मुझे इस बात का बहुत दुख है कि इन उपायों के बावजूद कीमतें लगातार बढ़ती जा रही हैं।"

इसके साथ ही मंत्री महोदय ने अपने बजट भाषण में यह भी स्वीकार किया है.

"1973 में औसत से अधिक खरीफ की पैदावार होने पर भी कीमतें नीचे न उतर सकीं क्योंकि अर्थ-व्यवस्था में कीमतों में वृद्धि करने वाली कुछ दूसरी शक्ति सक्रिय रही।'

सभापति महोदय, मंत्री महोदय के भाषण के इस अंश के सिलसिले में मैं उनसे दो मुद्दों पर स्पष्टीकरण चाहता हूं। उन्होंने परिस्थिति के अनुरूप साधन बदलने की बात कही है। मैं उन से पूछना चाहता हूं कि इसका क्या तात्पर्य है। क्या मैं समझूं कि मंत्री महोदय यह मानते हैं कि अंग्रेजी शासन से विरासत में मिला वर्तमान प्रशासन तंत्र हमारी समाजवादी पद्धति के अनुरूप नहीं है? क्या वह समझते हैं कि इस प्रशासनिक तंत्र को बदलना है? यदि ऐसा है, तो जितनी जल्दी इस में सुधार लाया जाये, इसमें परिवर्तन किया जाये और इस का पुनर्गठन किया जाये, ताकि हमारा प्रशासनिक यंत्र हमारे समाजवादी कार्यक्रम के अनुरूप हो, उतनी जल्दी हमारे देश का कल्याण होगा, और हमारे समाजवादी कार्यक्रम के प्रति भी न्याय होगा।

मंत्री महोदय ने कहा है कि खरीफ की पैदावार 1973 में अधिक हुई, लेकिन कीमतें बढ़ती गईं, और वह भी इस लिए कि कुछ शक्तियां इस बारे में सक्रिय रहीं कि कीमतें बढ़ती जायें। मैं मंत्री महोदय से यह पूछना चाहता हूं कि जब वह समझते हैं कि ऐसी शक्तियां हैं—और दरअसल वह हैं—तो उन के खिलाफ वह कठोर कार्यवाही क्यों नहीं करते हैं। आज सारा देश हमारे साथ है। तो फिर उन शक्तियों के खिलाफ कार्यवाही करने में हिचक किस बात की है?

आप जानते हैं कि जनता ने दो-तिहाई बहुमत हम लोगों का दिया है, जिन का नेतृत्व श्रीमती इन्दिरा गांधी कर रही हैं—हम आशा और विश्वास के साथ कि हम गैर समाज-द्रोही तत्वों के खिलाफ निर्भीक हो कर कड़े से कड़ा और ठोस कदम उठा सकेंगे। लेकिन जिस जनता ने हमें इतने बहुमत से जिताया है, आज उसे खेद और दुख है कि उसने जिस आशा से हम को इतनी शक्ति दी, वह पूरी नहीं हो रही है।

सभापति महोदय माननीय सदस्य जानते हैं कि आज वित्त मंत्री को इस बहस का जवाब देना है और अभी मान और सदस्य बोलना चाहते हैं। अगर हम समय का न्यायोचित बटवारा नहीं करेंगे, तो माननीय सदस्यों को ही असुविधा होगी। मैं चाहता हूं कि सब सदस्यों को थोड़ा-थोड़ा समय मिल जाये। इसलिए माननीय सदस्यों से मेरा अनुरोध है कि वे संक्षेप में दें और वे पांच मिनट से ज्यादा न लें।

श्री चिरंजीव झा सभापति महोदय, मैं कुछ पायंट्स रखना चाहता हूं।

सभापति महोदय माननीय सदस्य सब ठीक बातें कह रहे हैं, लेकिन मैं दूसरे सदस्यों को भी मौका देना चाहता हूं।

श्री चिरंजीव झा मैं जल्दी समाप्त कर दूंगा

आज हमारे देश में लाखों शिक्षित तथा अर्द्ध-शिक्षित बेकार हमारे लिए एक समस्या बने हुए हैं। लेकिन उन का सवाल तो अलग रहा, तुर्रा यह कि सरकारी सेवा में नियुक्त लोग आज हमारे लिए सब से बड़ी समस्या बन गये हैं। देश की वर्तमान संकट पूर्ण स्थिति तथा आम लोगों की करदाताओं की दयनीय परिस्थिति पर रहम किये बग़ैर आये-दिन वे लोग हड़ताल करते हैं और इस तरह हमारी उत्पादन क्षमता को बर्बाद करते हैं, उत्पादन में रुकावट डालते हैं और हमें परेशानी में डालते हैं। बेकारों की समस्या अलग है, लेकिन सरकारी सेवा में नियुक्त लोगों को और ज्यादा चाहिए। उन की बराबर यह शिकायत रहती है कि चूंकि अनाज और दूसरी वस्तुओं की मूल्य-वृद्धि हो रही है इसलिए उनके वेतन बढ़ाये जायें।

आप जानते हैं कि देश के महात्मा मनीषी, सन्त बिनोवा जी ने सरकार से कई बार आग्रह किया है कि सरकार किसानों से जो नकद रूप में लगान वसूल करती है, उस के स्थान पर वह उचित लाभप्रद कीमत दर पर किसानों भूमि वालों से अनाज ही लगान के रूप में वसूल करे, और वेतन-भोगी कर्मचारियों को वेतन का एक भाग अनाज के रूप में दे। ऐसा करने से उन लोगों को भी राहत मिलेगी और हमारा प्रशासन भी ठीक ढंग से चलेगा।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी बराबर सत्ता और आर्थिक व्यवस्था के विकेन्द्रीकरण के बारे में कहते रहे। ग्राम पंचायतों का गठन सत्ता के विकेन्द्रीकरण की दृष्टि से ही किया गया है। लेकिन आप जानते हैं कि ग्राम पंचायतों के पास न कोई ताकत है और न कोई साधन है। वे केवल नाम की ग्राम पंचायतें हैं। इस लिए मैं चाहता हूं कि सरकार ग्राम पंचायतों को ऐसी शक्ति और ऐसे साधन दे जिससे वे सुविधापूर्वक काम कर सकें।

पिछड़े क्षेत्रों की स्थिति के बारे में आप की विशेष दिलचस्पी रहती है। पिछड़े क्षेत्रों के विकास की तरफ ज्यादा से ज्यादा ध्यान दिया जाना चाहिए। विरोधी पक्ष के सदस्य कहते हैं कि देश में कहीं कुछ नहीं हुआ है, कोई विकास नहीं हुआ है। ऐसी बात नहीं है। देश में बहुत बड़ा काम हुआ है बहुत विकास-कार्य हुए हैं। लेकिन एक बात स्पष्ट है कि केवल विकसित क्षेत्रों का ही ज्यादा विकास हुआ है—जो अमीर हैं वे ज्यादा अमीर हो गये हैं और गरीब लोग गरीब रह गये हैं। इस लिए गरीब तबके के लोगों को ऊपर उठाने के लिए ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था: अन टु दि लास्ट—सब से अन्तिम व्यक्ति सब से पहले जो सबसे पिछड़ा हुआ आदमी है जिस की हालत सब से दयनीय है, आज सरकार को सब से पहले उस की स्थिति में सुधार की व्यवस्था करनी चाहिए तभी देश का सम्यक विकास हो सकेगा।

इन शब्दों के साथ मैं बजट का समर्थन करता हूं और आप को धन्यवाद देता हूं।

श्री प्रताप सिंह नेगी (गढ़वाल): सभापति महोदय, मैं यह बजट पेश करने के लिए मंत्री महोदय को बधाई देना चाहता हूं लेकिन मैं इस बजट को समाजवादी बजट कहने के लिए तैयार नहीं हूं। श्रीमती इन्दिरा गांधी ने समाजवाद के जिस लक्ष्य को जनता के सामने रखा था और जिस के बारे में घोषणायें की थी यह बजट उस के अनुरूप नहीं बना है।

मैं एक ऐसे पिछड़े हुए क्षेत्र से आया हूं जिस ने इस देश को भरत जैसा मनस्वी और तेजस्वी महापुरुष दिया। मैं शकुन्तला-पुत्र भरत की जन्मभूमि से आया हूं। लेकिन आज उस क्षेत्र की क्या दशा है? जिस भरत के नाम पर इस देश का नाम भारतवर्ष पड़ा हो, उस भरत की भूमि के विकास के लिए उस के उत्थान के लिए कोई ध्यान न दिया जाय यह अत्यंत खेद की बात है।

अभी विदेशी मुद्रा की कमी की रट लगा रहे थे और सभी लोग उस के लिए कह रहे थे। लेकिन मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि अगर आप हमारे इन पहाड़ों का अन्वेषण करें और उस तरफ देखें तो वहां एक से एक सुरम्य स्थान मौजूद हैं। वहां फूलों की घाटी ऐसी है जिस में हजारों किस्म के फूल खिले हुए हैं और अगर वहां यातायात के साधन सुलभ कर दिये जायें तो मैं आप को यकीन दिलाता हूं वहां पर सैकड़ों विदेशी यात्री हर साल आएंगे। इस के अलावा वहां पर दूधाटोली एक ऐसा स्थान है जो 200 किलोमीटर पर फैला हुआ है और समुद्र की सतह से साढ़े चार हजार फुट की ऊंचाई से लेकर 9 हजार फुट तक की ऊंचाई उस की बगल में है। आप बर्फ पर खेलने के लिए स्विटजरलैंड जाते हैं या काश्मीर जाते हैं तो आप को कई मील चल कर बर्फ पर खेलने के लिए जाना पड़ेगा। लेकिन वहां आप को उस की बगल में ही ऐसा दृश्य नजर आयेगा कि आप बर्फ पर खेलने के लिए भी वहां जा सकते हैं।

[श्री प्रताप सिंह नेगी]

इस के अलावा जब यहां पर अंग्रेजों का राज्य था तो 1920-21 में उन्हें यह खतरा हुआ कि तिब्बत की ओर से कोई दुश्मन हमारे ऊपर हमला न कर दे, तो तब उन्होंने उस समय रेलवे लाइन के लिए यहां सर्वेक्षण कराया और कर्ण-प्रयाग तक खूटिया वगैरह बिछायी गई। लेकिन मुझे बड़े दुख के साथ आज कहना पड़ता है कि जिस मंडल से मैं आता हूं उस गढ़वाल मंडल के चार जिलों में केवल आधा किलोमीटर रेल की लाइन है जब कि बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, जमनोत्री आदि स्थानों को लाखों यात्री प्रति वर्ष जाते हैं और रेलवे को कोई घाटा उस में नहीं पड़ सकता है, अगर वहां रेलवे लाइन बना दी जाए। मुझे तो यह भी कहने के लिए विवश होना पड़ता है कि अगर वहां लोगों के आने-जाने के साधनों की सुविधा हो जाए तो और बहुत से लोग वहां जाएंगे। फूलों की घाटी जिस में पूर्व जन्म में गुरु गोविन्द सिंह ने तपस्या की थी, वह हेमकुंड उसी इलाके में है।

सब से बड़ी बात तो यह है कि अगर हमारे दिलों के अन्दर भारत की रक्षा का ख्याल है तो क्यों कि चीन से आप के संबंध कोई अच्छे नहीं हैं, चीन आपके ऊपर झपट रहा है और वहां उस इलाके में बिल्कुल हम तिब्बत से मिले हुए हैं जहां चीन का प्रशासन है, वहां बाराहोती, नीति, माना, ज्वारहाट वगैरह बड़े-बड़े दर्रे हैं जहां से कभी भी दुश्मन हमला कर सकता है। इसलिए मैं चाहूंगा कि इन स्थानों की तरक्की के लिए, इनके विकास के लिए कदम उठाए जायें। इनके विकास के लिए कदम नहीं उठाये जाने मैं आपको यकीन दिलाना चाहता हूं कि हम लोगों के सब्र का प्याला लबरेज हो चुका है। हम इसलिए भी अलग राज्य की मांग करते हैं कि हमारे साथ न्याय नहीं होता है। मैं एक उदाहरण देना चाहता हूं कि अभी राज्य सभा के चुनाव हुए। हमारे बराबर क्षेत्रफल का हिमाचल प्रदेश है। उस का क्षेत्रफल 55 हजार वर्ग-किलोमीटर और हमारा 51 हजार वर्ग किलोमीटर है। 34 लाख उन की आबादी है और हमारी 38 लाख आबादी है। लेकिन हमको एक भी प्रतिनिधि राज्य सभा में आज तक नहीं मिला जबकि हिमाचल प्रदेश के तीन सदस्य हैं। क्योंकि हमारे वहां उत्तर प्रदेश की विधान सभा में केवल 19 आदमी हैं। अब की साल दो कम कर दिए गए, पहले 21 थे। अब 19 ही रह गए। तो 425 की विधान में 19 आदमी किस तरह से अपना प्रतिनिधि भेज सकते हैं? यह हमारे साथ अन्याय है। परिसीमन अगर किया जाता है तो उस में क्षेत्रफल भी देखना चाहिए। आप को ताज्जुब होगा यह जान कर कि हमारे गढ़वाल मंडल में एक क्षेत्र के अन्दर 38 सौ वर्ग किलोमीटर का सफर करना पड़ता है जब कि उत्तर प्रदेश के मैदानी भागों में केवल 5 सौ वर्ग किलोमीटर का सफर करना पड़ता है। आप समझ सकते हैं हमारे साथ क्या बीत रही होगी। हमारे यहां पर सड़कें नहीं हैं, यातायात के साधन नहीं हैं। हमारी माताएं और बहनें तीन-तीन मील की उतराई से नीचे जाती हैं नदियों से पानी भरकर लाती हैं। यह हालत हमारी है। इस हालत को हम कब तक बर्दाश्त करेंगे? कैसे बर्दाश्त करेंगे? जनता बेचैन है दुखी है। अगर यह होता कि हमारे यहां पानी न होता तो कोई बात थी। गंगा और जमुना जहां बहती हों, जहां रामगंगा हो, अलकनन्दा और भागीरथी हों वहां पानी न मिले, यह कितने आश्चर्य की बात है। यह केवल इसलिए कि उन के जल का उपयोग वहां नहीं हो पाता।

मैं उस क्षेत्र का रहने वाला हूं जिस क्षेत्र ने आज तक हमेशा देशभक्ति में अपने आपको आगे रखा है। आप को याद होगा पेशावर कांड का हीरा इसी गढ़वाल का पैदा हुआ वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली है जिसने निहत्थे पठानों पर गोली चलाने से साफ-साफ इंकार कर दिया था। उसके नतीजे के तौर पर उसे काले पानी की सजा भोगनी पड़ी थी। जो 28 हजार आपकी आजाद हिंद फौज में सारे देश के सैनिक थे, उस में से 3 हजार हमारे ही पर्वतीय जिलों के थे। आप समझ सकते हैं 56 करोड़ की आबादी के मुकाबिले में हमारी 38 लाख की आबादी है और हम 3 हजार के लगभग सैनिक आजादी की जंग में आपको देते हैं। तो यह हमारे अन्दर देशभक्ति की भावना ही तो होगी कि हम देश के लिए कुर्बानी

करना जानते हैं, हम देश की रक्षा के लिए आगे बढ़ना चाहते हैं।

मैं ज्यादा न कहते हुए केवल यह निवेदन करना चाहूंगा वित्त मंत्री जी से कि वह हमारे इस क्षेत्र के विकास की ओर ध्यान दें, जहां अपार जल सम्पदा, अपार खनिज सम्पदा और सीमेंट के पहाड़ के पहाड़ मौजूद हैं। लेकिन हम सीमेंट के लिए तरस रहे है, हम को सीमेंट नहीं मिलता है। हमारे यहां कोई उद्योग का साधन नहीं है उस के लिए। इसी प्रकार से जल-सपदा है, उस का कोई इस्तेमाल वहां नहीं हो पाता। जिन्होंने रामायण पढ़ी होगी उन को मालूम होगा कि जब लक्ष्मण को शक्ति लगी थी तो संजीवनी बूटी द्रोण पर्वत से ही लाई गई थी। उसी द्रोण पवन के हम निवासी है। वह हमारे ही क्षेत्र में है। वहां हम जड़ी बूटियों का अनुसधान करें तो हम को मालूम होगा कि चरक ऋषि ने चरेक के डाडे में अपना आश्रम बनाया था जहां आज भी पुराने जमाने की जड़ी बूटिया मिलती हैं। मैं आप के प्रस्ताव का समर्थन करते हुए यह निवेदन करूंगा कि मेरे इन सुझावों पर ध्यान दिया जाय।

15 hrs.

SARDAR SWARAN SINGH SOKHI (Jamshedpur) . Mr Chairman, Sir, I have few very important suggestions to make My first suggestion is that our country's trade pattern should be made more liberal with the foreign countries considering the economic problems of the country Due to increase in oil prices in the world Government should cooperate with the consumers and producers countries and should seek to establish permanent arrangements. Government should ensure full production in industries, railways and agriculture. Highest priority should be given to overcome the economic difficulties created by the rise in prices. Immediate steps should be taken to establish fair prices for certain key goods and subsidies should be given to restrain the price rise and inflation caused as a result. Government should take steps to punish the hoarders and black-marketeers and profiteers. Goods should be labelled with the price at which they are to be sold; they should provide for the unit pricing by lagislation.

The Ministers and Government officials should work for a greater measure of social justice and for a better method of meeting the needs of the disabled at this difficult time.

Priorities should be given for improving facilities to children, particularly, for handicapped children Priorities should be given for provision of employment for unemployed youth. Prices of all commodities should be brought down so as to avoid revolution in the country.

Also priorities should be given for improving the facilities to children, particularly, to the handicapped children. Government should provide transport facilities for the public throughout the country.

Provisions of financial assistance to political parties to avoid corruption in elections should be made which would enable them to fulfil their parliamentary functions effectively Voting age should be reduced to 18 years Both the Lok Sabha and the Assembly elections should be held simultaneously throughout the country This may result in the savings of crores of rupees for spending in the country's Plan Either we should advance the Assembly elections or we should extend the time of Lok Sabha. Measures should be introduced to make further reforms in the law and improvement in administration of justice.

Banks having fixed deposit of Rs. 50 crores and above should be nationalised immediately in the national interest. My friends have spoken about the welfare of scheduled castes and scheduled tribes. I say that the vishwakarmas having a population of five to six crores in the country should not be neglected and priority should be given to them in the matter of employment by providing for reservation of a certain percentage. There should be no excise duty imposed on small-scale aerated

[Sardar Swaran Singh Sokhi]

drink manufacturers. They should be exempted from the excise duty and they should be encouraged to produce more and more of healthy drinks.

Excise duty on foreign whisky, brandy and gin should be increased from 80% to 100% to compensate the relief given to small-scale drink manufacturers. This suggestion should be taken into consideration.

The prices of foodgrains paid to farmers for procurement should be at par with the imported foodgrains so as to boost the production Income-tax relief upto Rs. 6,000/- is quite reasonable and I agree with that. But the increase in postcards is quite unreasonable as that is the only media of communication of the poorer classes of the society.

Increase in population should be checked. I now come to a very important point When Spain could ask for increased prices for the ships, due to escalation of prices, I think it is proper that the Government of India should also ask Yugoslav Government to increase the prices of the wagons to be supplied by India or they should terminate the contract and thereby save Rs. 27 crores. The Finance Minister should look into the matter very seriously.

The Opposition parties instead of provocation should extend co-operation to the Government in checking bandhs, strikes etc. in the national interest.

Demonetisation would not help at this stage, but rather it would bring in more complications. Therefore, I am against it.

Inter-caste marriages should be encouraged rather than that things like what happened in Punjab should take place, namely that a person should be dismissed or should be discharged from service; and all the private and public institutions should be warned in this regard...

MR. CHAIRMAN: How does he correlate taxation with that?

SARDAR SWARAN SINGH SOKHI: I am mentioning only the points. If you give me more time, I shall be able to elaborate them.

SHRI MADHU LIMAYE (Banka): During the budget discussion, the sky is the limit.

SARDAR SWARAN SINGH SOKHI: Now, I come to planning. We should have two-year plans instead of five-year plans for expeditious execution of projects and because of the price rise every year. Natural calamities should not always be blamed for failure to reach the target due to the inefficiency of the administrative machinery.

The Third Pay Commission's recommendations should be implemented without further delay, and their recommendations in regard to the class I officers also should be implemented.

As regards coal, the country has abundant coal lying at the pitheads, but transport is the main problem. Immediate attention should be paid to this matter.

No country should be allowed to have any base in the Indian Ocean, in the interests of peace in the sub-continent Our country should not lag behind in acquiring the latest war planes and nuclear weapons from whatever sources possible to defend ourselves in case of war with our neighbours

With these words. I support the budget.

श्री परिपूर्णानन्द पैन्यूली (टिहरी-गढ़वाल). सभापति जी, आज ऐसे समय में जब कि देश बहुत बड़े आर्थिक संकट से गुजर रहा हो, वित्त मंत्री जी ने जो संतुलित बजट पेश किया है, उस के लिये वे बधाई के पात्र हैं। इस के बावजूद कि हमारे विरोधी दलों के कुछ मित्रों ने जिस प्रकार से इस की आलोचना की है और गरीबों व पिछड़े वर्गों की दुहाई देकर कहा है कि गरीबों पर टैक्स लगा है, मैं समझता हूं कि उन्होंने इस

विषय में न्याय नहीं किया है। मैं पूछना चाहता हूं—वित्त मंत्री जी ने जो रैफिजरेटर, एयर-कंडीशनर्ज, टेलिविजन सेट्स जैसी वस्तुओं पर जो कर लगाया है, क्या इन वस्तुओं का इस्तेमाल कमजोर वर्ग करता है? अभी कल ही वित्त मंत्री जी ने राज्य सभा में दोहरी-मूल्य-नीति का उल्लेख किया। यह निश्चित है कि इस से हमारी आमदनी और अधिक होगी और जो एफ्लुएन्ट सैक्शन आफ सोसायटी है, उस से और अधिक पैसा इन के लिये प्राप्त कर सकेंगे।

मैं यह निवेदन करना चाहूंगा कि कम आय वाले लोगों के लिये जो आप ने 6 हजार रुपये व्यक्तिगत आय तक छूट दी है, वह अपर्याप्त है, इस को यदि आप 10 हजार कर दे तो मैं समझता हूं कि आज के महगाई के जमाने मे यह उचित ही होगा। पोस्ट कार्डों पर, जिसे आम तौर से हिन्दुस्तान का गरीब आदमी इस्तेमाल करता है, जो 5 पैसे की वृद्धि की है, इसको अवश्य समाप्त किया जाना चाहिये, भले ही हमारी आय मे इससे कुछ घाटा हो। इसकी पूर्ति के लिए आप शराब और पर और टैक्स लगा दीजिए, मनोरजन और आमोद-प्रमोद के साधनो पर टैक्स लगा दीजिए, किन्तु इस प्रकार की चीजों पर टैक्स लगाना उचित नही होगा।

सभापति जी, हमारी इस महगाई और भुखमरी का बहुत बड़ा कारण यह है कि देश की आबादी बहुत बढ़ती जा रही है। प्रतिवर्ष 2.2 प्रतिशत आबादी बढ़ रही है। जिसके कारण हमे करीब 20 लाख टन अतिरिक्त गल्ला हर साल उन के लिए बढ़ाना पड़ता है। इस लिये मैं समझता हू कि आबादी की रोक-थाम के लिये हमे विशेष प्रयास करने की आवश्यकता है।

काले धन का यहां पर बहुत उल्लेख किया गया है। अनुमान है कि 7 हजार करोड़ रुपए से लेकर 10 हजार करोड़ रुपए तक का काला धन हमारे देश में इस समय चल रहा है। यह बात, जैसा कि वांचू कमेटी की रिपोर्ट में भी कहा गया है हमारी अर्थ-व्यवस्था समानान्तर स्थिति पर पहुंच गई है। मैं समझता हूं अगर काला धन इस्तेमाल करने वालो को अवसर दिया जावे तो हमारे पब्लिक सेक्टर मे जो 105 प्रोजेक्ट्स हैं जिनमें 5052 करोड़ रुपया लगा हुआ है, उन 105 पब्लिक सेक्टर प्रोजेक्ट्स को वे लोग दो बार खरीदकर बेच सकते हैं इस काले धन की बदौलत। इस बात से आप अनुमान लगा सकते हैं कि यह काला धन कितना महत्वपूर्ण योगदान हमारे देश मे कर रहा है। इसलिए मैं समझता हू इसकी रोक-थाम बहुत ही आवश्यक है।

मेरी राय मे डीमानेटाइजेशन या डीवैल्युएशन से इसका कोई हल निकलने वाला नही है। इस सबध मे मैं एक सुझाव मत्री जी को देना चाहता हू और वह यह है कि आप 3 महीने बाद, चार महीने बाद एक तिथि निश्चित कर ले और उस तिथि तक सरकार नये डिनामिनेशन के नोट छाप दें तथा यह घोषणा कर दे कि अमुक तिथि तक जिनके पास जो रुपया है उसको उस रुपए से परिवर्तित कर ले। इस प्रकार सारा पैसा बाहर निकल आयेगा और मैं समझता हू इससे मुद्रा-स्फीति तत्काल रुक जायेगी।

दूसरे – जैसा अभी हाल मे देश के 130 प्रमुख अर्थ-शास्त्रियो ने प्रधान मत्री जी को एक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसमे उन्होने कहा कि जो इस समय अर्थ-व्यवस्था हमारे देश मे है उसको ठीक करने के लिए वर्तमान करसी का आशिक रूप से डीमानेटाइजेशन किया जाये और ऐसा डीमानेटाईजेशन करने के लिए उन्होने एक उपाय भी सुझाया है कि जिसके पास 1 हजार रुपया है वह उसमे से 700 रुपए अपने पास रखले और बाकी 300 रुपए के वह लबी अवधि के नेशनल सेविंग्ज सर्टिफिकेट या दूसरे रूप से परिवर्तित करले। इसके लिए भी आप एक निश्चित तिथि रख सकते हैं। इसके साथ-साथ कुछ और सुझाव उन विशेषज्ञो ने प्रधान मत्री जी को दिए हैं जिनमे एक प्रधान मत्री के कार्यालय से संबंध एकोनामिक कमेटी की बात भी है यदि उन पर कारगर उपाय किए गए तो इन्फ्लेशन की जो प्रवृत्ति है, उसमें बहुत कुछ रुकावट हो सकती है।

[श्री परिपूर्णानन्द पेन्यूली]

डिफेंस पर जो दो हजार करोड रुपए का हमारा खर्चा है वह मैं समझता हू न केवल उपयुक्त है बल्कि यदि आवश्यकता पडे तो उसमें वृद्धि करने की भी जरूरत हो सकती है क्योंकि देश की सुरक्षा हमारे जीवन से भी अधिक महत्वपूर्ण बात है। यदि देश ही नही रहेगा तो फिर हम कहां रहेंगे, हमारी आने वाली पीढियां कहा रहेंगी ? इसलिए सुरक्षा के लिए जो प्राविधान किया गया है वह सर्वथा उपयुक्त है।

इसके पश्चात् मेरी राय मे दूसरा सर्वोच्च स्थान कृषि को मिलना चाहिए। तीसरे स्थान पर मैं समझता हू पेट्रोलियम की खोज और उसका उत्पादन वार-फुटिंग पर हाथ में लेना चाहिए तभी हम अपने देश को आत्मनिर्भर बना सकते है मुझे दो चार मिनट और चाहिए।

मैं निवेदन करना चाहता हू, अपने दक्षिणपंथी दोस्तो से नही पीलू मोदी साहब यहा पर है, बाकी चले गए। जो हमारे प्रगतिशील विचारो के दोस्त हैं उनसे मैं निवेदन करना चाहता हू कि वे कोई ऐसा फार्मूला इजाद करें ताकि एम्प्लायर एम्प्लाई के संबंध इस प्रकार के हो सके जिससे पाच साल तक हडतालो की रुकावट कर सकें। मैं आकडे प्रस्तुत कर सकता हू कि रेलवे मे 1972-73 मे 19 32 करोड रुपए का रेवेन्यु लास हुआ हड़तालो के कारण। इसी प्रकार पब्लिक सेक्टर मे जो हमारे पाच स्टील प्लाट्स चलते हैं उनमे अकेले 1973 मे 293 854 करोड रुपए का नुकसान हुआ है। हैवी इजीनियरिंग कार्पोरेशन, रांची में पिछले तीन सालो मे 48 46 करोड रुपए का नुकसान हुआ है। आई०डी०पी०एल० की जो तीन यूनिट्स है उनमे से दो यूनिट्स—एन्टीबायटिक प्रोजेक्ट, ऋषिकेश और सर्जिकल इन्स्ट्रूमेंटस प्लांट, हैदराबाद—मे 1972-73 मे 414.32 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। हडतालो के कारण पब्लिक सेक्टर अन्डरटेकिंग्स मे 1971, 1972 और 1973 के 6 महीनो में 60 लाख दियाडी (मैनडेज) का नुकसान उठाना पड़ा है।

इडियन एयर लाइस की हालत तो आपको मालूम है। वहां पर 24 11-73 और 21-2-74 के बीच में 276 लाख रुपए का नुकसान उठाना पड़ा। वहां पर लाक आउट के कारण 14,442 एम्पलाईज को जो उसमें काम करते थे अपना वेतन न मिलने के कारण 209 लाख रुपए का नुकसान उठाना पडा।

इसी प्रकार से सेंट्रल गवर्नमेंन्ट एम्प्लाईज जो हैं उनको जो ओवर-टाइम पेमेंट दिया गया है वह 1970-71 और 1972-73 के बीच में 123.81 करोड़ दिया गया है। तो अनप्रोडक्टिव चीजो पर जो गवर्नमेंट का खर्चा होता है उसपर उसको रोक लगानी होगी।

यहां पर हाउसिंग मिनिस्ट्री के मंत्री शास्त्री जी बैठे हैं। उनको मालूम है कि दिल्ली में मकानों की कितनी तंगी है। बहुत से लोग मकानो की सब-लेटिंग करते हैं। बहुत से एम्प्लाईज ऐसे हैं जोकि अपने पिता के मकान मे रहते हैं जबकि गवर्नमेंट सर्विस मे हैं लेकिन फिर भी वे दिखाते है कि हम किसी और जगह रह रहे हैं। इस प्रकार से लाखो रुपए का नुकसान हर सरकार को उठाना पड रहा है। मुझे एक दो मिनट और चाहिए।

हमारे देश मे 30 प्रतिशत व्यक्ति ऐसे हैं जो पावर्टी लाइन मे भी नीचे अपना जीवन व्यतीत करते है। इसमे हमारे उत्तर प्रदेश का जो पहाडी इलाका है वह गरीबी की उस रेखा के सबसे नीचे की सीढ़ी पर है। उस के विकास के लिए वहा की स्थानीय परिस्थितियो को देखते हुए वहा के साधनो को लेकर विकास करने की आवश्यकता है। वहां पर कैश क्राप्स मे आलू और फल तथा सब्जियां होती हैं परन्तु दुर्भाग्य है कि वहां का सारा रा-मैटीरियल, वहां की सारी फारेस्ट वैल्थ, सारी मिनरल वेल्थ मैदानो मे चली जाती है और उसकी रोक-थाम के लिए सरकार ने कोई भी उपाय नही निकाला है। मैं निवेदन करूंगा कि उनके लिए कुछ अवश्य किया जाना चाहिए।

अन्त मे मैं एक बात और निवेदन करना चाहता हू कि 1961 की गणना के अनुसार 3.15 करोड़ भूमिहीन मजदूर हमारे देश मे थे और 1971 मे उनकी संख्या बढ़कर 4.56 करोड़ हो गई।

जब भूमिहीन मजदूरों की संख्या बढ़ती जा रही है तो फिर आखिर हमारी प्लानिंग, हमारी समाजवाद की बातें, हमारी प्रगतिशील बातें, गरीबी के नीचे के तबके को ऊपर उठाने की बातें कहां जा रही हैं? यह दुर्भाग्य की बात है कि भूमिहीन मजदूरों की संख्या इस प्रकार बेतहाशा बढ़ती चली जा रही है। इस संबंध में मैं केरल की सरकार को जो उन्होंने हाल में केरल एग्रीकल्चरल बिल पास किया है, उसके लिए बधाई देना चाहता हूं और मैं समझता हूं इसके माध्यम से वे वहां पर भूमिहीन मजदूरों की आर्थिक स्थिति सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठा सकेंगे। मैं समझता हूं भारत सरकार भी इस प्रकार का कोई प्रविधान करेगी ताकि सारे देश में भूमिहीन मजदूरों की आर्थिक स्थिति सुधर सके।

इन शब्दों के साथ मैं वित्त मंत्री महोदय को बधाई देता हूं कि उन्होंने इतना सुन्दर बजट प्रस्तुत किया।

श्री तुलाराम (घाटमपुर) सभापति महोदय, मैं आपका धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया। मैं यहां पर वित्त मंत्री महोदय के बजट प्रस्तावों का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं समझता हूं उन्होंने समय के हिसाब से मुनासिब बजट रखा है। इस समय देश में चीजों का अभाव और महंगाई है। आयकर में 5 हजार रुपए सालाना आय की छूट को उन्होंने जो 6 हजार रुपए कर दिया है उसके लिए वे धन्यवाद के पात्र हैं।

इसके साथ साथ मैं सामान्य प्रशासन के संबंध में कुछ कहना चाहता हूं। आजकल भ्रष्टाचार का बोल बाला है। पहले नीचे के स्तर पर ही भ्रष्टाचार था लेकिन अब वह भ्रष्टाचार ऊपर के स्तर पर भी पहुंच गया है। मुझे तो कभी कभी ऐसी बातें सुनने को मिलती हैं जिनको सुनकर मैं समझता हूं कि सार्वजनिक जीवन में जो लोग हैं उनका सिर नीचे हो जायेगा।

चूंकि इस देश के 70 फीसदी आदमी खेती पर निर्भर करते हैं इसलिए खेती के संबंध में भी मैं कुछ बातें कहना चाहता हूं। खेती के लिए जरूरी है अच्छा बीज, अच्छी खाद, पानी और अच्छे औजार। मैं सरकार को धन्यवाद देता हूं कि उसने किसानों को अच्छे बीज दिए और अच्छे औजारों की व्यवस्था की लेकिन मुझे इस बात का दुख है कि खेती के लिए सिंचाई और खाद की समुचित व्यवस्था नहीं हो सकी है। इस साल मैंने देखा कि यूरिया जिस की कीमत 51 रु० है बाजार में ब्लैक मार्केटियर्स द्वारा 100 रु० बोरी के हिसाब से किसानों को बेचा गया। पिछले साल 1972-73 में सूखा पड़ा और उसकी वजह से पानी की कमी हुई लेकिन हमने उत्तर प्रदेश में यह देखा कि पानी की कमी के बावजूद, बिजली की कमी के बावजूद, दिन में बिजली 6 बजे से 12, 1 बजे तक सारा को दी गई। लेकिन इस साल किसान को बिजली नहीं मिली। तीन-तीन, चार-चार दिन तक बिजली नहीं आयी जिस से गेहूं की खेती की बड़ी दयनीय दशा हो गई। इसलिये खेती की पैदावार इस साल बहुत गिरेगी। क्योंकि इस वर्ष तुषार भी पड़ा उस की वजह से नुकसान हुआ, अरहर और चने का काफी नुकसान हुआ और दूसरे पानी न मिलने की वजह से गेहूं की फसल को, जिस में 6, 7 पानी लगने चाहिये, दो पानी भी मुश्किल से नहीं मिल पाये।

एक बात प्रोक्योरमेंट के बारे में यह कहना चाहता हूं कि जब आप प्रोक्योरमेंट की बात सोचें और कहें तो आप को सोच लेना चाहिये कि किसान का खर्चा कितना बढ़ गया। आप ने 76 रु० के भाव से किसान से गेहूं लिया और आज बाजार में गेहूं 160 रु० प्रति क्विंटल बिक रहा है। इस तरह से कीमतों में जो फ़र्क होता है वह किसान की तरक्की और संतुलन की दृष्टि से अच्छा नहीं है। इसलिये मैं कहना चाहता हूं कि किसान को उचित मूल्य मिलना चाहिये।

दूसरी बात यह है कि चूंकि खेती से संबंध भोजन का है उस में तथा दूसरी खाने की वस्तुओं में बहुत मिलावट हो रही है। रोज अखबारों में से निकलता है, लेकिन लगता है सरकार उन को नहीं पकड़ती है और रोकने का कोई समुचित प्रबंध

[श्री तुलाराम]

नहीं करती है। सरकार के जो मार्केटिंग इंस्पेक्टर्स हैं मैं ने अपनी आंखो से देखा कि जब वह बनिये की दुकान पर पहुंचते हैं तो उन की खातिर से भी ज्यादा खातिर तवाजेह होती है। इस की तरफ सरकार का ध्यान जाना चाहिये। भोजन के मामले में एक बात और कहनी है, सब तरफ गल्ले की सप्लाई का शोर मचा हुआ है और यह सिर्फ शहरो तक ही सीमित है। आम देहात मे औसतन लगभग ढाई छटाक एक परिवार को शकर देते हैं जब कि शहर में एक व्यक्ति को एक एक किलो देते हैं। इसी तरह से शहर मे सभी लोगो के लिये गल्ला देते है लेकिन देहात का जो छोटा किसान और मजदूर है उस की तरफ आप की निगाह नहीं है। इस तरह से शहर और देहात से भेदभाव करना एक समाजवादी सरकार के लिये मुनासिब नही है।

एक बात मैं पुलिस के सबंध में कहना चाहता हूं। जो पुराने जमींदार हैं वह पुलिस से मिले हुए हैं और अगर कोई गरीब आदमी जमींदार का खेत जोतने के लिये नही जाता है तो उस आदमी को पुलिस द्वारा डरवाते हैं। थाने में ले जाकर और हर थाने में 25 रिवाल्वर और 50 कारतूस रहते हैं इसलिये किसी गरीब के साथ एक रिवाल्वर दो कारतूस का इल्जाम लगा देते हैं और किसी के साथ एक रिवाल्वर और एक कारतूस का झूठा इल्जाम लगा कर उन गरीब लोगो को जेल भेजते और दूसरी तरह से हैरान किया जाता है। यह नही होना चाहिये।

हमारी कांस्टीट्यूऐंसी में कचौसी स्टेशन पर ओवरब्रिज की बहुत आवश्यकता है और उस के न होने के कारण हर साल वहां पर लोग ऐक्सीडेंट्स से मरते हैं। मंत्री महोदय इस तरफ ध्यान दें।

आप ने जो मुझे समय दिया उसके लिये आप को बहुत धन्यवाद।

SHRI P. R. SHENOY (Udipi): Sir, though the budget for 1974-75 presented by the respected Finance Minister, Chavanji, cannot be called a poor man's or even common man's budget, yet I support it for its brighter aspects. The budget has made a realistic assessment of the economic situation in the country and has proposed certain rational steps to check the economic deterioration that is taking place in the country. Hence I welcome the budget.

The crores of poor people in this country can be made happy to a large extent if they are assured of at least two square meals per day. In this context, I am sorry the budget has not spelt out the need for import of sufficient quantity of foodgrains from abroad. This country was never self-sufficient in foodgrains. We were all the while importing foodgrains. We committed a mistake when we declared that we were self-sufficient in foodgrains and did not require any more food import This is not a realistic assessment of the food situation Taking both normal and abnormal years into consideration, we are not yet self-sufficient in foodgrains Therefore, there must be a policy of importing foodgrains well in advance. Every year we say that we will not import foodgrains but at the end of the year we pay a heavy price and import foodgrains This is not a good policy. If we want to save foreign exchange, we should not do so by putting restrictions on the import of essential commodities We should put more restrictions on luxury goods like fine cotton used for superior cloth. We must put a further check on petrol consumption. Petrol is practically wasted today. There must be a ceiling on the use of private cars by the executives of the private as well as public sector. There must also be a ceiling on air travels by these executives. In this way, we can save a lot of petrol. There should not be any saving of foreign exchange at the expense of the poor man because this Government stands for the poor man.

Coming to price rise, of course it is accepted by all now that the main reason is deficit financing. The second reason is black money. The third reason is this loose talk of demonetisation without actually doing it. Because of the fear of demonetisation, people with black money buy all

the goods available in the market and thereby raise the prices of the commodities. Therefore, there should not be any loose talk of demonetisation. If Government wants to demonetise, it should do so immediately. Otherwise, it should say that for the next three or four years, there will not be demonetisation.

It is a sad thing that defence expenditure is going up year after year. After the establishment of Bangladesh, our defence expenditure should have gone down. Instead of that, it has gone up. We must somehow reduce the defence expenditure or at least the wastages in defence expenditure should be identified and stopped in future.

I conclude by making a specific suggestion about a proposed excise duty. This Government is for the small man. It has levided excise duty on all aerated water units using power. This is not fair. There are several units using 3 or 5 HP. I request the Finance Minister to exempt all aerated water units using 5 HP or less.

श्री मधु लिमये (बांका): मैं आशा करता था कि इस बजट के जरिये वित्त मंत्री सरकार के कामकाज में जो नीतिहीनता और दिशाहीनता दिखाई दे रही थी और जो अन्तर्विरोध प्रकट हो रहा था उसको सुलटाने का प्रयास किया जाएगा। लेकिन खेद है कि इस बजट ने इस अन्तर्विरोध को मिटाने का जरा भी प्रयास नहीं किया है बल्कि इस बजट में सरकार के जो दिवालियेपन की नीति है उसी का इजहार होता है। जब से चौथी योजना प्रारम्भ हुई अर्थ व्यवस्था में सभी क्षेत्रों में ह्रास होता जा रहा है। विगत एक साल में अनाज की कीमत चालीस प्रतिशत से अधिक बढ़ी है और जब से गरीबी हटाओ का जमाना शुरू हुआ है क्या कर वृद्धि और क्या घाटे की अर्थ व्यवस्था, दोनों में बड़ी तेजी से सरकार प्रगति कर रही है। श्रीमती इंदिरा गांधी के द्वारा 1970 का बजट पेश किया गया। उसके तीन साल पहले यानी चौथी योजना के पहले तीन वर्षों में कुल मिला कर 244 करोड़ रुपये के अतिरिक्त टैक्स लगाए गए। लेकिन बाद के चार वर्षों में नई कर वृद्धि 840 करोड़ रुपये की हो गई। घाटे की अर्थ व्यवस्था का जहां तक सवाल है 1967, 1968 और 1969 में यानी चौथी योजना के पहले तीन वर्षों में 544 करोड़ रुपये के घाटे की अर्थ व्यवस्था की गई लेकिन बाद के चार वर्षों में जब से गरीबी हटाओ का नारा बुलन्द हुआ 2110 करोड़ रुपये का डिफिसिट फाइनेंसिंग किया गया। उसी तरह जहां तक चौथी योजना का सवाल है उसका यह लक्ष्य बनाया गया था कि हर साल राष्ट्रीय आमदनी में 5.7 प्रतिशत की वृद्धि होगी। लेकिन उसके पहले चार वर्षों में क्या हुआ? पहले वर्ष में तो 5.2 प्रतिशत वृद्धि हुई लेकिन उसके बाद यह दर लगातार गिरती गई और तीसरे वर्ष में चौथी योजना के राष्ट्रीय आमदनी में वृद्धि सिर्फ 1.7 प्रतिशत की हुई और चौथे वर्ष में 0.6 प्रतिशत की ही हुई।

जहां तक पांचवीं योजना का सवाल है इसका मसविदा विगत दिसम्बर मास में पेश किया गया था। लेकिन यह जो बच्चा पैदा हुआ यह जन्म से ही मरा हुआ पाया गया है क्योंकि इसके आधार बिल्कुल निकम्मे साबित हो गये हैं, जहां तक प्लानिंग कमिशन का सवाल है वह निरर्थक और बेमतलब हो गई है। मैं सभी आधारों की चर्चा नहीं करना चाहता। केवल दो बुनियादी बातों को लेता हूं। इस के पृष्ठ संख्या 73 पर एक आधार यह दिया गया है:

"Efficient management of the food economy so as to avoid large scale food imports".

मैं कहना चाहता हूं कि इधर चार पांच महीनों में अनाज के मामले में सरकार की नीति और कार्यान्वयन में कोई बुनियादी परिवर्तन हुए हों, इसके आसार बिल्कुल नहीं दिखाई दे रहे हैं। आश्चर्य की बात है कि कांग्रेस के नेता और मंत्री जब आमने सामने हम से मिलते हैं पार्लियामेंट के बाहर तो सरकार की जो स्वीकृत नीतियां हैं उनकी खुलकर आलोचना करते हैं—

एक माननीय सदस्य. ऐसी बात नहीं है।

श्री मधु लिमये: झूठ मत बोलिये। चापलूसी और असत्य यह आज सत्ताधारी दल का आधार बन गया है, लाबीज में एक बात कहना और यहां दूसरी ठीक नहीं है। व्हीट टेक ओवर की नीति गलत है यह केवल आज ये नहीं कह रहे हैं दस बारह महीने पहले भी कांग्रेस के प्रमुख लोग ऐसे थे जो कहते थे कि गेहूं के सरकारीकरण की नीति इसलिए गलत है कि हमारे पास

श्री मधु लिमये

न कोई बल है और न हमारे द्वारा ठीक से इंतजाम किया जा सकता है। उन में नक्सली भी थे। वे खुलकर कहते थे। मैंने पूछा कि श्रीमती इंदिरा गांधी को क्यों नहीं कहते तो लोग कहते थे कि हमारी हिम्मत नहीं है। सत्य अगर बोलेंगे तो हमारे ऊपर प्रतिक्रियावादी होने का सिक्का लगाया जाएगा। डर के मारे असली मुद्दों पर अपना मत अभिव्यक्त करने से कांग्रेसी नेता और मंत्री हिचकिचाते हैं। ये ठीक सरकार की राय नहीं देंगे तो कौन देगा? इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि किसानों के बारे में इस सरकार की जो नीति रही है उसका कांग्रेस के अन्दर जबर्दस्त विरोध होते हुए भी खुल कर बोलने के लिए कोई तैयार नहीं है। इस संदर्भ में मैं आप से कहना चाहता हूं कि गेहूं के मूल्यों का जब सवाल आया उस समय हमारे लोगों ने मांग की थी कि सौ रुपये में खरीदने की मूल्य नीति होनी चाहिए। इसका जबर्दस्त विरोध किया गया लेकिन किसी ने यह जानने की कोशिश नहीं की कि जो स्वयं कांग्रेसी हैं, जिनके पास अच्छी खासी जमीन है क्या उन लोगों ने निर्धारित दामों पर यह लेवी देने का प्रयास किया था? एक एक उदाहरण हम लोग दे सकते हैं जिससे पता चलेगा कि साधारण किसान के लिए एक कानून, एक मापदंड और अपने बड़े लोगों के लिए दूसरा मापदंड। क्या यह सही नहीं है कि राजस्थान, मध्य प्रदेश से लेकर महाराष्ट्र तक, उत्तर प्रदेश पंजाब तक बड़े काश्तकारों का गेहूं सीधा ट्रकों पर लाद कर बम्बई की मंडियों में साढ़े चार सौ रुपये क्विंटल तक बेचा गया है जबकि साधारण किसान को 76 रुपये से लेकर 80-82 रुपये तक गेहूं बेचने के लिए आप बाध्य करते थे? आप विदर्भ के हैं? आप क्या इस बात से इन्कार कर सकते हैं कि महाराष्ट्र सरकार ने कपास और ईख के बारे में इसकी खरीद की नीति को अपनाया।**

SHRI DHAMANKAR (Bhiwandi): He is naming the Chief Minister. (*Interruptions*).

MR. CHAIRMAN : Order, order. All of you please sit down.

Mr. Limaye, when you are making an allegation against a person who is not a Member of this House and who cannot defend himself, that is not allowed under the Rules. That is not proper; that is wrong.

श्री मधु लिमये : * * *

MR. CHAIRMAN : Nothing of this will go on record. It will be expunged. It is undignified. It is derogatory to the parliamentary procedure. Please don't make personal allegations against anyone. (*Interruptions*).

SHRI K. NARAYANA RAO (Bobbili): On a point of order, Sir. You were kind enough to bring to the notice of the hon. Member the true position of the Rules. In spite of that, he has been persisting in saying that he has been stating the truth. Is it not defiance of the Chair? Should he continue to go no making allegation?

MR. CHAIRMAN : There is no point of order.

श्री मधु लिमये : मैं सही बात कर रहा हूं। सही बात सुनने में किसी को तकलीफ नहीं होनी चाहिए। आप तो ट्रेड यूनियन में रहे हैं। मझे चापलूसी की आदत नहीं है।

मैं कह रहा था कि पांचवीं योजना का यह जो आधार है कि अनाज का वितरण और उसकी खरीद हम बढ़िया ढंग से करेंगे, जैसा आपने किया है इसका मानने का भी कोई आधार नहीं है। इस आधार पर यह जो इमारत खड़ी गई है यह बिल्कुल बेबुनियाद होने के कारण टूटने लगी है।

दूसरा आधार बताया है :

"Tightening of foreign exchange control to check leakages through under-invoicing of exports and over-invoicing of imports and the diversion of remittances from Indians abroad through unofficial channels."

मैं एक अरसे से इस सरकार से कहता रहा हूं कि भारतीय लोगों के द्वारा विदेशों में जो पैसा कमाया जाता है—और उसका अनुपात इन दस वर्षों में बहुत ज्यादा बढ़ गया है—आज वह तस्करी के लिए एक

**Expunged as ordered by the Chair.

मालूम बता गया है इस सरकार की पंचवर्षीय योजना का आधार है कि वह विदेशी मुद्रा की चोरी को रोकेगी, लेकिन—मुझे फिर इन बातों को कहना पड़ता है, क्योंकि इन बातों से इन्कार नहीं किया गया है—जब सरकार के बड़े लोग ही स्मगलरों के सम्राट के साथ मुलाकात करेंगे, और उन से एक करोड़ रुपया लेंगे, तो फिर वित्त मंत्रालय के तहत कौन अफसर ऐसा है, जो विदेशी मुद्रा की चोरी करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही कर सकेगा ?

इस आरोप का किसी ने भी खंडन नहीं किया है कि स्मगलरों के सम्राट, कुली मस्तान, के साथ प्रधान मंत्री की मुलाकात हुई है। किसी ने इसका खंडन नहीं किया है, और कर भी नहीं सकते हैं। कांग्रेस पार्लियामेंटरी पार्टी की एक्जीक्यूटिव के सदस्यों ने इस बात की ताईद की है कि इस तरह की मुलाकात हुई थी। सिर्फ तस्वीर खींचने का प्रयास असफल रहा। वह एक करोड़ रुपये के बदले तस्वीर लेना चाहता था। (व्यवधान) मुझे ज्यादा बाध्य करेंगे तो मैं और कुछ कह दूंगा। इसलिए इसको छोड़ दीजिए।

आज सवेरे बिहार का सवाल आया था। बिहार में विस्फोट क्यों हुआ ? उधर के माननीय सदस्य कह सकते हैं कि यह नक्सलाइटस ने किया, आर०एस० एस० ने किया, गुंडों ने किया। लेकिन असली बात यह है कि बिहार भारत का सब से गरीब इलाका है। उस में 25 प्रतिशत से अधिक लोग भूमिहीन खेतिहर हैं, और दस साल के अन्दर खेतिहर मजदूरों का अनुपात 9 प्रतिशत बढ़ा है।

सरकार राज्यों को जो अनाज देती है, उसमें किस तरह का न्याय है ? मेरे 18 मार्च के प्रश्न के उत्तर में बताया गया कि पश्चिमी बंगाल ने 25.70 लाख टन अनाज मांगा और उस को 18.88 लाख टन दिया गया केरल ने 13.48 लाख टन अनाज मांगा और उसको 10.16 लाख टन दिया गया, महाराष्ट्र ने 36.83 लाख टन अनाज मांगा और उसको दिया गया 24.18 लाख टन। और बिहार को ? उसने 17.40 लाख टन अनाज मांगा और उसको सिर्फ 4.40 लाख टन दिया गया, यानी केन्द्रीय सरकार ने उसकी आवश्यकता को पच्चीस प्रतिशत से कुछ थोड़ा ज्यादा पूरा किया।

अगर सरकार समझती है कि वह गोली और सेना के बल पर जन-असंतोष को कुचल डालेगी, तो मैं कहना चाहता हूं कि न केवल बिहार में, बल्कि समूचे देश में आग लगेगी और उस में ये लोग भी खत्म हो जायेंगे और लोकतंत्र भी खत्म हो जायेगा।

एक माननीय सदस्य : आप भी खत्म हो जायेंगे।

श्री मधु लिमये : हम को तो ये लोग वैसे ही खत्म करने पर तुले हुए हैं। हमारा भविष्य कोई महत्व की बात नहीं है। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि जो आग लगेगी, उसमें ये लोग खत्म हो जायेंगे, जो कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन लोकतंत्र उसमें खत्म हो जायेगा, यह एक चिन्ता का विषय है।

15.43 hrs.

[MR DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

पांचवी योजना में कहा गया है कि हर साल औसत पब्लिक सैक्टर आउटले 7,450 करोड़ रुपये होगा और इस बजट से पता चलता है कि सरकार केवल 4,364 करोड़ रुपया वर्तमान दामों के आधार पर लगाने वाली है। पंचवर्षीय योजना के पहले साल से ही पब्लिक आउटले का लक्ष्य पूरा नहीं हो रहा है, और बढ़ते हुए दामों के कारण जो भी पूंजी लगाई जायेगी, उस में कोई नतीजा नहीं निकलने वाला है

हालांकि नियोजन पर मेरा विश्वास है, लेकिन विगत वर्षों में सरकार ने जिस ढंग से योजना आयोग को चलाया है, उस को देखते हुए मेरी स्पष्ट राय है कि सरकार वर्तमान योजना आयोग को समाप्त कर दे, और उस के लिए उस ने जो 13.70 करोड़ रुपया अनुदान के रूप में मांगा है, वह उसकी भी बचत करे, क्योंकि इस योजना आयोग और योजना मंत्रालय से कोई नतीजा नहीं निकलने वाला है।

मंत्री महोदय ने कहा है कि इस बजट में मैंने उन चीजों पर टैक्स लगाया है, जिन का इस्तेमाल अमीरों के द्वारा किया जाता है। लेकिन कौन नहीं जानता है कि सरकार किसी भी रूप में टैक्स लगाये, सारा इन्तजाम और व्यवस्था ऐसी है कि अन्ततोगत्वा साधारण जनता पर ही उस का बोझ पड़ता है

[श्री मधु लिमये]

सरकार ने पांचवीं पंच वर्षीय योजना में कहा है कि हम लोग सीधे टैक्सिज से आमदनी बढ़ायेंगे। उस ने पंचवर्षिय योजना के प्रारूप में घोषणा की है

> "The additional tax effort envisaged in the Fifth Plan period—the yield from direct taxes is anticipated to improve to 3.8% of the GNP."

That is improvement by 0.67%.

लेकिन इस बजट में मंत्री महोदय ने सीधे टैक्सिज को घटाया है। फिनान्स बिल के वक्त में अपना टेबल पेश करूंगा और यह साबित करूंगा कि जिनकी आमदनी दस हजार से बीस हजार रुपये है, उनको मंत्री महोदय ने बहुत मामूली किस्म की राहत दी है, लेकिन उन्होंने बड़े लोगों को बहुत बड़े पैमाने पर राहत दी है।

उन्होंने दलील यह दी है कि अगर हम टैक्स को घटायेंगे, तो उस से शायद टैक्स की चोरी कम हो जायेगी। लेकिन लोग इस के इतने आदी हो गये है कि मंत्री महोदय के प्रोपोजल का टैक्सों की चोरी पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है, क्योंकि यह मर्ज एक अरसे से चली आ रही है।

सरकार के पास कोई राष्ट्रीय आय नीति नहीं है। मैं एल०आई०सी० के वेज बिल के आंकड़े देख रहा था। एल०आई०सी० में जो क्लास वन और क्लास टू के 13,000 कर्मचारी हैं, उन से से एक एक की वार्षिक औसत आमदनी 1 32 लाख रुपये है। अगर उन के तीसरे और चौथे वर्ग के कर्मचारियों को भी मिला दिया जाये, तो भी उन की औसत वार्षिक आमदनी, 9,000 रुपये है। यह कौन-सा सामाजिक न्याय है? मैं श्री चव्हाण से पूछना चाहता हूं कि भारत में कितने किसान ऐसे हैं, जिन पर पांचवीं वर्षीय योजना की सफलता निर्भर करती है, उनकी 2,000 रुपये की भी वार्षिक आमदनी है। इस सरकार की आय नीति में सामाजिक न्याय बिल्कुल नहीं है। जिन लोगों पर सरकार ने योजना को सफल बनाने का सब से अधिक बोझ डाला है, उनकी आमदनी बढ़ाने के लिए सरकार के पास कोई योजना नहीं है।

डीजल का सवाल हो, या कैरोसीन आयल, लौबिकेटिंग आयल या फर्टिलाइजर हो, उन में से एक भी चीज, जो खेती की तरक्की के लिए आवश्यक है, निर्धारित दाम पर नहीं मिल रही है। ग्रामीण इलाकों में उनके दाम दुगने से भी अधिक है। जब तक सरकार वितरण की व्यवस्था को ठीक नहीं करेगी, तब तक इस स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं होने वाला है।

जहां तक कपड़े का सवाल है, विगत साल मंत्री महोदय ने कहा कि कपड़े के दाम बहुत बढ़ गये हैं और उन के बारे में कुछ करना चाहिए। एक साल हो गया, लेकिन अभी तक कपड़े के बारे में सरकार की कोई सकलित नीति, इनटेग्रेटिड पालिसी, नहीं बन पाई है। मैंने सुना है कि नियंत्रित कपड़े का अनुपात बढ़ाने की बात चल रही है। लेकिन उस को पांच दस प्रतिशत बढ़ाने से क्या होगा? सरकार ऐसा क्यों नहीं करती है कि पांचवी पंचवर्षीय योजना के तहत जो मोटे और मध्यम श्रेणी का कपड़ा नियंत्रित दाम में पैदा किया जायेगा, उस का इस्तेमाल देश की जनता करेगी और फाइन और सुपरफाइन कपड़ा केवल निर्यात के लिए रखा जायेगा?

